वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

भाग–1

(स्थानीय निधि लेखा परीक्षा)

वर्ष

2007–2008

प्रतिवेदक : निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवाएं सह-स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड, देहरादून ।

विषय सूची

भाग-1

(स्थानीय निधि लेखा परीक्षा)

(1) प्रशासनिक खण्ड

क्र०सं०	विवरण	कण्डिका	पृष्ठ संख्या
1-	विभागीय प्राधिकार के श्रोत	2.1	1-2
2-	सम्परीक्षाधीन लेखे	3.1-3.2	2
3-	सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य	4.1-4.2	2-4
4-	प्रभागीय आय-व्ययक	5.1 से 5.3	4
5-	प्रभागीय आय एवं व्यय का समन्वय	6.1-6.2	4
6-	प्रभाग की प्रशासनिक व्यवस्था	7.1 से 7.4	5-6
7-	प्रभाग की जनशक्ति	8	6
8-	स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष में सम्पादित सम्परीक्षा कार्य	9	6-7
9-	सम्परीक्षा में उद्घाटित अनियमिततायें	10.1.1	7
10-	विशेष सम्परीक्षायें	10.1.2	7
11-	सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति	10.2.1-2.2	7-8
12-	जिला पंचायतें, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेंशन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण	13	9
13-	निष्कर्ष	--	9
(2)	**कार्यकारी खण्ड**	-	10
(3)	**परिशिष्ट,क,ख,ग,घ,ड.,च,छ व ज**	-	35-44

1- प्रशासनिक खण्ड

भारतीय संघ के अधीन 09 नवम्बर, 2000 से उत्तरांचल राज्य का गठन हुआ। उत्तरांचल शासन ने वित्त विभाग का संगठनात्मक ढांचे का अनुमोदन करते हुए वित्त विभाग की राजाज्ञा संख्या 5098/वि0स0शा0/2001 दिनांक 19 जून, 2001 द्वारा विभाग के ढांचे में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग को निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराचंल में सम्मिलित कर लिया गया है। पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश के विधान उत्तरांचल राज्य पर भी इन्हें उपान्तरित किये जाने तक लागू है।

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 की धारा -8(3) के अन्तर्गत स्वायत्तशासी संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों की लेखा परीक्षा पर आधारित वर्ष 2006-07 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन राज्य के विधान सभा पटल पर रखा जा चुका है। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा सम्परीक्षित लेखाओं पर आधारित वर्ष 2007-08 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन विधान सभा पटल पर रखने हेतु प्रस्तुत है।

2- विभागीय प्राधिकार के स्रोत :-

2.1 प्रदेशान्तर्गत अवस्थित स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं के संगत नियमों एवं तदधीन निर्मित नियमावलियों एवं परिनियमावलियों आदि में यथास्थान शासन द्वारा इस बात की व्यवस्था की गयी है कि उक्त संस्थाओं की निधियाँ **''स्थानीय निधि'' (लोकल फण्ड)** के नाम से जानी जायेगी और उनके लेखाओं की लेखा परीक्षा निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा की जायेगी। संहत रुप से सभी स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं की लेखा परीक्षा अनिवार्य रुप से इस विभाग के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा किये जाने की दृष्टि से वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड -5 भाग-1 के पैरा 369 ''के'' में यह प्राविधान किया गया है कि निदेशक द्वारा राज्य सरकार से अनुदान पाने वाले सभी स्थानीय निकायों/संस्थाओं के लेखाओं की सम्परीक्षा करके अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारुप पर निर्गत किया जायेगा।

इस नियम में यह भी व्यवस्था है कि भारत सरकार की ओर से इन स्थानीय निकायों/संस्थाओं के कार्यकलाप पर दृष्टि रखने के लिए निदेशक द्वारा वर्षान्त में संहत रुप से वर्षान्तर्गत स्वीकृत अनुदानों के उपभोग की स्थिति से महालेखाकार को सूचित किया जायेगा, जिससे शासन द्वारा प्रदेश के लोक सेवा निधि से स्वीकृत किये गये अनुदानों के सम्बन्ध में

स्थिति स्पष्ट हो सके कि सम्बन्धित निकायों/संस्थाओं द्वारा इन अनुदानों का उपभोग उन्ही प्रयोजनों के निमित्त किया गया है अथवा नहीं, जिनके लिये वे स्वीकृत किये गये थे तथा उन संगत नियमों का पालन किया गया है अथवा नहीं, जिनके अन्तर्गत उन्हें उक्त धनराशियों का उपभोग करना था। शर्तो एवं प्रतिबन्धों के उल्लंघन की स्थिति से प्रतिवेदन में यथास्थान उल्लेख किया गया है।

2.2 उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा नियम 1984 (उत्तर प्रदेश के अधिनियम संख्या 12 सन् 1984) जोकि दिनांक 30 अप्रैल, 1984 से प्रवृत्त हुआ तथा जो नवसृजित उत्तरांचल राज्य में भी समान रुप से प्रभावी है, की धारा-4(2) के अन्तर्गत विधान मण्डल ने इस विभाग को यह शक्ति भी प्रदान की है कि ऐसे स्थानीय प्राधिकारी के लेखाओं की परीक्षा पूर्णतया ऐसे किसी अधिनियम में जिसके द्वारा या अधीन स्थानीय प्राधिकारी का गठन किया गया है, उसके अधीन बनाये गये किसी नियम में किसी बात के होते हुए भी इस अधिनियम के दौरान या अधीन उपबन्धित रीति से की जायेगी।

2.3 उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 में प्रादेशिक विधान मण्डल द्वारा उपर्युक्त स्पष्ट आदेश पारित करने के उपरान्त अब स्थिति यह है कि प्रदेशान्तर्गत स्थित सभी स्थानीय निकायों एवं अनुदानित संस्थाओं की सम्परीक्षा अनिवार्यतः निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा की जानी है।

3- सम्परीक्षाधीन लेखे -

3.1 वर्ष में 2007-08 में सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के लेखाओं की संख्या 949 थी। उप सम्परीक्षा से सम्बन्धित 933 संस्थाओं के विवरण संलग्न **परिशिष्ट ''क'' भाग-1** में दिये गये हैं। शेष सम्वती सम्परीक्षा एवं शतप्रतिशत लेखा परीक्षा से सम्बन्धित 16 संस्थाओं की सूची **परिशिष्ट ''क'' भाग-2** के रुप में संलग्न है।

3.2 सम्परीक्षाधीन प्रमुख स्थानीय निकायों तथा संस्थाओं के संगत अधिनियमों आदि जिसके आधार पर सम्परीक्षा की गयी है, की सूची **परिशिष्ट ''ख''** में दी गई है।

4- सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य : -

4.1 शासन द्वारा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग को प्रदेश की स्थानीय निकायों एवं स्वायतशासी संस्थाओं को स्वीकृत किये गये वित्तीय अनुदानों एवं ऋणों आदि का उपभोग सुनिश्चित करने के लिए इन स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सकल आय एवं व्यय की

सम्परीक्षा का दायित्व दिया गया है जिससे सम्परीक्षा के माध्यम से शासन एवं विधान मण्डल को यह ज्ञात होता रहे कि इन संस्थाओं की स्थापना सम्बन्धी विशिष्ट अधिनियमों में अपेक्षित जन आकांक्षाओं की पूर्ति इनके द्वारा की जा रही है अथवा नहीं। अतः इस सन्दर्भ में सम्परीक्षा का कार्य मात्र लेखा परीक्षा न रहकर संस्था के सम्बन्ध में वित्तीय अनुशासन से जुडे सभी पहलुओं की समीक्षा का एक गुरुत्तर दायित्व भी हो जाता है।

4.2 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग के कार्यकलाप निम्नवत् हैं :-

- 1- सम्परीक्षित स्थानीय निकायों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, निगमित एवं अनिगमित निकायों, विश्वविद्यालयों, सहायता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थाओं एवं प्रशिक्षण संस्थाओं, महाविद्यालयों, अन्य शिक्षण संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य शासकीय/अशासकीय संगठनों आदि के विविध लेखों की नियमित सम्परीक्षा करना एवं परिणाम से संस्थाओं तथा शासन को सूचित करना।
- 2- उपर्युक्त संस्थाओं का वित्तीय मार्ग दर्शन करना।
- 3- उपर्युक्त संस्थाओं द्वारा सन्दर्भित प्रकरणों पर अभिमत देना।
- 4- सम्परीक्षा के उपरान्त यथा आवश्यक अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित उपभोग प्रमाण पत्र निर्गत करना।
- 5- नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों, जल संस्थानों, जिला पंचायतों, बद्रीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति के सेवा निवृत्त कर्मचारियों को देय पेंशन एवं उपादान की पुष्टि एवं संस्तुति करना।
- 6- महालेखाकार को उपर्युक्त संस्थाओं को स्वीकृत अनुदानों के उपभोग के सम्बन्ध में संहत आख्या प्रस्तुत करना।
- 7- नगर पालिका परिषदों, जिला पंचायतों, नगर निगम, विकास प्राधिकरणों एवं जल संस्थानों के लेखाकार परीक्षा का आयोजन करना।
- 8- विभाग के नवनियुक्त लेखा परीक्षकों एवं जिला सम्परीक्षा अधिकारियों को आधारभूत प्रशिक्षण तथा विभागीय अधिकारियों एवं लेखा परीक्षा कर्मियों को अल्पकालिक प्रशिक्षण देना।
- 9- सेवारत विभागीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मार्गदर्शन एवं उन्हें सम्परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन शासकीय आदेशों से युक्त करने के लिये उनका प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण आयोजित करना।
- 10- स्थानीय निकाय के लेखा कर्मियों को आवशयकतानुसार प्रशिक्षण देना।
- 11 विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विशिष्ट क्षेत्रों में निष्णात् गणमान्य व्यक्तियों की संगोष्ठयाँ आयोजित करना।

- 12- धर्मादा सन्दान न्यासों के निधियों को विनियोजित करने तथा उन पर प्राप्त ब्याज को प्रादेशिक एवं भारत सरकार के न्यासों को संवितरण करना।
- 13- प्रभागीय कार्यकलापों सहित संहत वार्षिक प्रतिवेदन विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करना।
- 14- सम्परीक्षाधीन लेखाओं पर नियमानुसार सम्परीक्षा शुल्क आरोपित करना तथा उनकी वसूली करना।
- 15- सम्परीक्षाधीन स्थानीय प्राधिकारियों के अधिनियम एवं परिनियमों के संगत प्राविधानों के अन्तर्गत क्षति, कपट, दुरूपयोग आदि के लिये उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध अधिभार कार्यवाही करना।
- 16- उपर्युक्त स्थानीय निकायों/ संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य लेखाओं की आवश्यकतानुसार विशेष सम्परीक्षा सम्पादित करना।
- 17- शासन द्वारा सौंपे गये अन्य कार्यों पर शासन को आख्या प्रस्तुत करना।

5- <u>प्रभागीय आय-व्ययक :-</u>

5.1 यद्यपि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा स्थानीय निकायों स्वायतशासी संस्थाओं व अन्य निगमित एवं अनिगमित संस्थाओं आदि की सम्परीक्षा की जाती है, यह प्रभाग पूर्णतया उत्तराखण्ड शासन के वित्त विभाग के अधीन है।

5.2 इस प्रभाग की समस्त प्राप्तियाँ प्रादेशिक राजकोष में जमा होती हैं तथा विधान मण्डल द्वारा स्वीकृत प्रादेशिक आय-व्ययक के माध्यम से राज्य निधि से विभागीय व्यय हेतु धन उपलब्ध कराया जाता है।

5.3 लेखा परीक्षा शुल्क विभागीय आय का मुख्य स्रोत है। सम्परीक्षा शुल्क का आरोपण शासन द्वारा निधारित दरों पर किया जाता है, जो सम्परीक्षित संस्था द्वारा सीधे राजकोष में जमा किया जाता है। वर्तमान में निर्धारित सम्परीक्षा शुल्क की दरें **परिशिष्ट ''ग''** उत्तराखण्ड राज्य में लागू है।

<u>6- विभागीय आय एवं व्यय का समन्वय :-</u> वित्तीय वर्ष 2007-08 में विभागीय व्यय एवं इस वर्ष में आरोपित सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् है :-

क्र०सं०	वित्तीय वर्ष	व्यय (रुपये	आरोपित सम्प० शुल्क (रु०)
1-	2007-08	1,34,67,417.00	3,03,76,290.00

6.2 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा कृत कार्य सेवा प्रकृति (सर्विस नेचर) के हैं जिन पर होने वाले व्यय की तुलना आरोपित शुल्क से नहीं की जा सकती है।

7.1- विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था :- उत्तरांचल शासन के वित्त विभाग के शा० सं० 5058/ वि०शा०स० /2001 दिनांक 19 जून, 2001 द्वारा सम्परीक्षा का कार्य निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल के नियन्त्रणाधीन एक प्रभाग के रुप में कार्यरत है, जिसकी प्रशासनिक व्यवस्था मुख्यत: द्विस्तरीय है :-

(1) मुख्यालय स्तरीय।

(2) जिला स्तरीय।

जनपदीय कार्यालयों की सूची **परिशिष्ट** ''घ'' में दी गयी है। उक्त के अतिरिक्त सम्वर्ती सम्परीक्षा कार्यालय भी है जिन पर प्रशासनिक नियन्त्रण निदेशालय द्वारा होता है। सम्वर्ती कार्यालयों की सूची **परिशिष्ट** ''ड.'' में दी गयी है।

7.2-1- मुख्यालय स्तर :- स्थानीय निधि लेखा परीक्षा का प्रधान कार्यालय देहरादून में स्थित है, जो निदेशालय कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिट नाम से जाना जाता है। इसके विभागाध्यक्ष निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर उत्तराखण्ड हैं जिन्हें अपने कार्यो के साथ-साथ पदेन रुप से कोषाध्यक्ष धर्मादा संदान उत्तराखण्ड तथा भारतीय धर्मादा सन्दान के उत्तराखण्ड वृत्त के कार्यो का भी सम्पादन करना पडता है।

7.2 -2 – मुख्यालय पर निदेशक के सहयोगी के रुप में अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक तथा अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं जिसका विवरण प्रस्तर-८ में दिया गया है। वर्तमान में जनपदों की प्रमुख बडी संस्थाओं जैसे :- नगर निगम, नगर पालिका परिषदों, विकास प्राधिकरणों, मन्दिर समितियों, इन्जीनियरिंग कालेजों, विश्वविद्यालयों आदि के लेखाओं की लेखा परीक्षा के कार्य का पर्यवेक्षण, इन निकायों के सेवा निवृत्त कर्मचारियों के पेंशन एवं आनुतोषिक के सत्यापन एवं पुष्टीकरण का कार्य मुख्यालय स्तर पर कार्यरत अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

7.3 – जनपद स्तरीय :- लेखा परीक्षाधीन ईकाइयाँ राज्य के शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक में स्थित है। विभाग के लेखा परीक्षा कर्मी सभी जनपदों में नियुक्त कर दिये जाते हैं जो सम्बन्धित जनपद में स्थित परीक्षाधीन ईकाइयों की लेखा परीक्षा करते रहते हैं। उनके कार्यो पर स्थानीय नियन्त्रण, पर्यवेक्षण एवं मार्ग दर्शन हेतु जनपद स्तर पर जिला सम्परीक्षा अधिकारी के कार्यालय स्थापित हैं प्रदेश के 13 जिलों में से अब तक 09 जिलों में जिला सम्परीक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित हैं। शेष जनपदों मं अभी तक जनपदीय कार्यालय नहीं खोले जा सके हैं। अत: निकटवर्ती जिला सम्परीक्षा अधिकारी द्वारा ही उन जनपदों के कार्यो का सम्पादन किया जा रहा है।

7.4 – राज्य स्तरीय :- शासनादेश संख्या वि०अनु० -1/2003 दिनांक 03 सितम्बर, 2003 द्वारा उत्तरांचल कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उधमसिंह नगर एवं वन विकास निगम नरेन्द्रनगर में सम्परीक्षा अधिकारियों के कार्यालय स्थापित किये गये हैं।

8- विभाग की जनशाक्ति :- वर्ष 2007-08 के अन्त में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग में श्रेणीवार स्वीकृत पदों एवं उन पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण निम्नवत् रहा है।

क्र० सं०	अधिकारी/कर्मचारी का समूह	स्वीकृत पद	कार्यरत संख्या	कार्यरत कर्मियों का प्रतिशत
1-	समूह ''क''	04	01	25
2-	समूह ''ख''	16	10+1	69.75
3-	**समूह ''ग''**			
	(1) सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी	14	11	
	(2) वरिष्ठ लेखा परीक्षक ग्रेड-१	04	03	
	(3) वरिष्ठ लेखा परीक्षक	82	09	23.3
	(4) लेखा परीक्षक	20	05	
	(5) आशुलिपिक	03	00	
	(6) प्रशासनिक अधिकारी ग्रेड-१	01	00	
	(7) प्रशासनिक अधिकारी ग्रेड-२	03	01	
	(8) मुख्य सहायक	08	02	
	(9) प्रवर सहायक	12	11	
	(10) कनिष्ठ सहायक	16	01	
	(11) वाहन चालक	03	01	33.33
4-	समूह ''घ''	61	13	21.31
	योग	**247**	**68**	**27.53**

9- स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष में सम्पादित कार्य :- वर्ष 2007-08 में 76.67 प्रतिशत लेखा परीक्षा पदों के रिक्त रहने के उपरान्त भी सम्परीक्षाधीन 949 लेखाओं में से 166 लेखाओं की सम्परीक्षा पूर्ण की गई। शेष 783 लेखाओं की सम्परीक्षा जनशक्ति की कमी के कारण सम्पादित नहीं करायी जा सकी।

10.1.1 – सम्परीक्षा में उदघाटित अनियमिततायें :-

(क) स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष 2007-08 तक में सम्रीक्षित लेखाओं में उदघाटित विशिष्ट अनियमितताओं के अन्तर्गत कुल रु० **4,82,80,486.00** की धनराशि अन्तर्निहित थी जिसका शीर्षकवार विवरण निम्नानुसार है तथा संस्थावार विवरण कार्यकारी खण्ड में दिया गया है।

क्रमांक	शीर्षक	धनराशि (रु० में)
1-	व्यपहरण	455875.00
2-	अधिक/अनियमित/परिहार्य	20760649.00
3-	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें	5494134.00
4-	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमिततायें	494944.00
5-	आर्थिक क्षति	9769562.00
6-	राजस्व क्षति	1271178.00
7-	अस्थायी अग्रिम	3979224.00
8-	अनानुमोदित व्यय	4255827.00
9-	दुर्विनियोग	1799093.00
	योग	**4,82,80,486.00**

(ख) प्रदेश में स्थित सम्परीक्षाधीन संस्थाओं पर 31 मार्च, 2008 तक लम्बित आडिट आपत्तियों का विवरण **परिशिष्ट** "च" में दिया गया है। इसके अनुसार वर्ष में संस्थाओं द्वारा मात्र 786 आडिट आपत्तियों का निस्तारण कराया गया।

10.1.2 – विशेष सम्परीक्षाऐं :-- प्रभाग के सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के बारे में अत्यन्त गम्भीर प्रकृति यथा गबन/दुर्विनियोग/आर्थिक क्षति से सम्बन्धित की विशेष जॉच संस्था अथवा जिलाधिकारी या आयुक्त के अनुरोध पर शासन की स्वीकृति से सम्पादित की जाती है। वर्ष 2007-08 में उत्तराखण्ड मुक्त विश्व विद्यालय वर्ष 2005-06 से दिसम्बर 2007-08 तक नगर

पंचायत काला ढुंगी 2002-03 से 2006-07 तक तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी नैनीताल वर्ष 2004-05 से 2005-06 की विशेष सम्परीक्षा सम्पन्न की गयी।

10.2.1 – **सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति** :- वर्ष 2007-08 में आरोपित एवं वसूल किये गये सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् थी :-

	(रुपयों में)
01 अप्रैल, 2007 को प्रारम्भिक शेष	35832873.00
वर्ष में स्थापित माँग	30376290.00
योग	66209163.00
वर्ष में समाहरण	27923631.00
31 मार्च, 2007 को बकाया	38285532.00

10.2.2 - उपर्युक्त से स्पष्ट है कि विभाग द्वारा आरोपित लेखा परीक्षा शुल्क की वसूली करने का पूरा प्रयास किया गया। इन्ही प्रयासों के फलस्वरुप वर्तमान वित्तीय वर्ष में दो करोड नवासी लाख तेईस हजार छः सौ इक्तीस रुपये की वसूली हुई है जिसमे गत वर्ष का बकाया भी सम्मिलित है उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम – 1984 की धारा 4(4) के अधीन केवल शासन को यह अधिकार प्राप्त है कि वह सम्बन्धित स्थानीय निधि/ संस्थाओं के बैंकर्स को सम्बन्धित जिलाधिकारी के माध्यम से यह आदेश दे सकते हैं कि उनके बैंक खातों से सम्परीक्षा शुल्क की धनराशि राजकीय कोषागार के निर्दिष्ट लेखा शीर्षक में अन्तरित कर दे। इस सम्बन्ध में उत्तरांचल स्थानीय निधि/निकाय लेखा परीक्षा नियमावली, 2001 का प्रख्यापन अपेक्षित है ताकि शुल्क वसूली हेतु नियमावली के प्राविधानों के अधीन रहते हुए विभाग स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

11.1- चैरीटेबुल एण्डाउमेन्ट एक्ट 1890 (एक्ट आफ 1890) की धारा-3 के अधीन उत्तरांचल की भौगोलिक सीमा में स्थित न्यासों की परिसम्पत्तियों के लिये निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड को शासनादेश संख्या 163/xxvii(2)/2005 दिनांक 06 अक्टूबर, 2005 द्वारा कोषपाल, खैरासी निधि नियुक्त किया गया है। इनका विवरण **परिशिष्ट** ''छ'' में दिया गया है।

(1) वर्ष 2007-08 में प्रतिमूतियों से प्राप्त ब्याज का 98 प्रतिशत रू0 91337.00 के भुगतान आदेश सम्बन्धित न्यासों को प्रेषित किये गये।

12- **लेखाकार परीक्षा का आयोजन :-** दिसम्बर, 2007 में जिला पंचायत लेखाकार परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 29 परीक्षार्थितयों द्वारा भाग लिया गया तथा 03 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। दिसम्बर, 2008 में परीक्षा आयोजन हेतु कार्यवाही प्रगति पर है।

13- **जिला पंचायतों, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेंशन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण :-** वर्ष 2007-08 में प्रकरणों की प्राप्ति एवं उनके निस्तारण की स्थिति निम्नवत् थी :-

वर्ष के प्रारम्भ में शेष	वर्ष में प्राप्त	वर्ष में निस्तारित	अवशेष
62	261	315	8

14- निष्कर्ष :- उपर्युक्त प्रतिवेदन के साथ संलग्न **परिशिष्ट ''क''** से स्पष्ट है कि इस प्रभाग को वर्ष 2007-08 में 949 लेखाओं की लेखा परीक्षा सम्पादित करनी थी। जनशक्ति की भारी कमी के कारण सम्परीक्षा शुल्क देने वाली स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सम्परीक्षा को वरीयता देते हुए पूर्ण कराने का लक्ष्य निश्चित करते हुए मात्र 166 लेखाओं की लेखा परीक्षा समाप्त करायी गयी।

आलोच्य वर्ष में सम्परीक्षित संस्थाओं के लेखाओं से सम्परीक्षा आख्याओं के आधार पर पूर्वोक्त कण्डिका 10(1) में वर्णित रु० 4,82,80,486.00 की गम्भीर वित्तीय अनियमिततायें प्रकाश में आयी जिनमें व्यपहरण, दुर्विनियोग, अधिक एवं अनियमित भुगतान, आर्थिक क्षति, राजस्व की क्षति आदि प्रकरण समाविष्ट हैं।

राजेन्द्र प्रसाद पसबोला,
अपर निदेशक
कृते निदेशक

वर्ष 2007-08 में सम्पन्न सम्परीक्षायें
नगर पालिका परिषदें

नगर पालिका परिषद रूद्रपुर (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) सफाई एवं विद्युत कर्मचारियों के बिना पद सृजन किये संविदा पर नियुक्त कर रू0 295798.00 वेतन का अनियमित भुगतान किया जाना अनियमित था।

भाग- दो (अ) प्रस्तर 2

(2) विधवा एवं विकलागों को अधिनियम की धारा 157 (2) में निहित प्राधिकारी की अनुमति के बिना वर्ष 2004-05 से वर्ष 2006-07 में 20 प्रतिशत अधिक छूट के फलस्वरूप रू0 125090.00 का अनियमित भुगतान।

भाग- दो (अ) प्रस्तर 4

आर्थिक क्षति:-

(3) विभिन्न लाइसेन्सों का समय से नवीनीकरण न कराने पर अर्थदण्ड न लिये जाने से रू0 13805.00 की आर्थिक क्षति।

भाग- दो (अ) प्रस्तर-5

(4) नगर पालिका की सम्पत्ति न होने पर भी फर्श निर्माण कर रू0 116498.00 का भुगतान कर नगर पालिका को आर्थिक क्षति पहुँचायी गयी।

भाग- दो (अ) प्रस्तर 7

नगर पालिका परिषद खटीमा (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) श्री रमन लाल सफाई कर्मचारी को बिना पद सृजित किये नियुक्त कर रू0 134569.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (अ) प्रस्तर- 3

(2) बिना पद सृजित किये केन्द्रीय संवर्ग के पदो पर नियुक्ति किये जाने से रू0 456096.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 11

(3) एक रिक्त पद के सापेक्ष दो कर्मचारियों को नियुक्त कर वेतन के रूप में से रू0 1,21,212.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 12

(4) पुराने ब्रिकवर्क 37.07 धन मी0 को तोडने पर प्राप्त ईट का मूल्य बिल में से न घटाये जाने से रू0 24417.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 14

आर्थिक क्षति:-

(1) वर्ष 2006-07 में स्लाटर हाउस का ठेका न दिये जाने से रू0 13,700.00 की आर्थिक क्षति।

भाग दो (अ) प्रस्तर 5

(2) निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर ठेकेदारों से अनुबन्ध न किये जाने के कारण रू0 107250.00 की शासन का आर्थिक क्षति।

भाग दो (अ) प्रस्तर 4

(3) ठेकेदारों से विगत वर्षो की ठेको की वकाया धनराशि न प्राप्त किये जाने से पालिका को रू0 2,24,930.00 की आर्थिक क्षति।

भाग दो (अ) प्रस्तर 8

(4) पेक्षागृह से कोई आय न प्राप्त होने के कारण नगर पालिका को रू0 5,69,200.00 की आर्थिक क्षति।

भाग दो (अ) प्रस्तर 9

नगर पालिका परिषद जसपुर (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2005-06):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) बिना पद सृजित किये एवं बिना अनुमोदन प्राप्त किये सफाई कर्मचारियों को संविदा पर नियुक्त कर रू0 542454.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग- दो (अ) प्रस्तर 2

(2) देवी आपदा वित्त पोषित 18 सडकों के निर्माण पर रू0 10,15,984.00 भुगतान स्थलीय निरीक्षण के बिना किया जाना।

भाग दो (अ) प्रस्तर 15

आर्थिक क्षति:-

(1) विभिन्न मदों के लाइसेन्स न बनाने व समय से नवीनीकरण न कराने पर अर्थदण्ड न लिये जाने के कारण रू0 30,637.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) प्रस्तर 5

(2) निर्माण कार्य से सम्बन्धित ठेकेदारों के बिलों से खाली मेक्सफाल्ट ड्रम की धनराशि की कटौती न किये जाने से रू0 69600.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) प्रस्तर 10

(3) ठेकेदार हाजी जुल्ककार के बिल से 112 खाली ड्रम मेक्सफल्ट के व 13 ड्रम फेक्सफाल्ट सहित की कुल धनराशि रू0 62868.00 कटौती न करने के कारण रू0 62868.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) प्रस्तर 11

नगर पालिका परिषद गदरपुर (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) शासनादेश संख्या 1774/सा0नि0/05/5(अ0)2001 शहरी विकास विभाग देहरादून दिनांक 4 अप्रैल 2005 का उल्लघंन कर अधिशासी अधिकारी द्वारा चयन वेतनमान की वकाया धनराशि का भविष्य खाते में जमा न कर रू0 258794.00 का नकद भुगतान किया जाना अनियमित था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 1

(2) स्वच्छता मोहल्ला समिति से सफाई व्यवस्था न कराकर ठेके के माध्यम से सफाई व्यवस्था कराने पर रू0 199800.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 5

राजस्व क्षति:-

(1) निर्धारित मूल्य के स्टाम्प न लगाये से रू0 38290.00 की राजकीय राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) प्रस्तर 2

(2) ठेकेदारों के बिल से आयकर की कटौती न किये जाने से रू0 11982.00 की राजकीय राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) प्रस्तर 3

आर्थिक क्षति:-

(1) दैनिक तह बाजारी का नीलामी ठेका रू0 26000.00 कम पर दिये जाने से की राजस्व की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) प्रस्तर 4

नगर पालिका खटीमा (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2003-04 से 2005-06):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) केन्द्रिय सेवा के पदों पर 4 अकेन्दिमित कर्मचारियों की अनियमित रूप से पदोन्नति किये जाने से रू0 22215.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) दो (क)

(2) एक परिचालक तथा एक चालक एवं सात स्वच्छकों की शासनादेश के विपरीत संविदा पर नियुक्ति किये जाने से रू0 655762.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) दो ख

(3) शासनादेशों के बिपरीत मंहगाई वेतन एवं मंहगाई भत्ते के बकाया रू0 306546.00 का नकद भुगतान किया जाना अनियमित था।

भाग दो (अ) 2 ग

(4) दैनिक वेतनभोगी सफाई मजदूर की नियमित नियुक्ति के फलस्वरूप रू0 99232.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) दो च

(5) सफाई कर्मचारी की अनियमित नियुक्ति के फलस्वरूप रू0 124647.00 का अधिक एवं अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) दो छ

<u>आर्थिक क्षति:-</u>

(1) वार्षिक मूल्य कम कर पालिकर को गृह कर के रूप में रू0 139060.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) तीन घ

(2) पालिका की दुकानों एवं गोदामों को निर्धारित न्यूनतम प्रीमियम से कम पर नीलाम किये जाने से रू0 1060500.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) तीन ग

<u>राजस्व क्षति:-</u>

(1) निर्माण देयकों से काटे गये आयकर वाणिज्य कर को जमा न करने से रू0 136626.00 राजकीय राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) तीन क

(2) विभिन्न नीलामी के ठेकों में निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर में अनुबन्ध न कराने से रू0 225780.00 राजकीय राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) तीन ख

<u>नगर पालिका जोशीमठ (चमोली) (वर्ष 2006-07)</u>

<u>अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-</u>

(1) बिना पद सृजन के कर्मचारियों को संविदा के आधार पद नियुक्ति जारी रखे जोन से रू0 87576.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (ब) प्रस्तर ग

(2) निर्माण कार्य ठेके पर न कराकर अमानी पर कराये जाने पर भी व्यय अनुमान दरों में 10 प्रतिशत ठेकेदार लाभांश न घटाये जाने के कारण रू0 19770.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (ड)

(3) ठेके की स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष रू0 15558.00 का अधिक कार्य कराया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (घ)

नगर पालिका परिषद गोपेश्वर (चमोली) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) बिना पद सृजन के कर्मचारियों को दैनिक/संविदा के आधार पर नियुक्ति स्वरूप रू0 3,82,560.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (ख)

(2) मोहल्ला स्वच्छता समिति के अध्यक्षों से अपेक्षित प्रमाण पत्र एवं प्राप्ति रसीदों के बिना रू0 40000.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (ग)

आर्थिक क्षति:-

(1) अवशेष विद्युत देयकों का यथासमय भुगतान न करने से एरियर पर रू0 288417.00 का परिहार्य व्यय भार डाला गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1(ड)

नगर पालिका रूद्रप्रयाग (रूद्रप्रयाग) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) अवस्थापना निधि से प्राप्त ब्याज रू0 365536.00 को राजकोष में जमा न किया जाना अनियमित था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1(छ)

नगर पालिका श्रीनगर (पौडी) (वर्ष 2006-07):-

आर्थिक क्षति:-

(1) मांस दुकान से प्रीमियम न वसूल ने से रू0 16800.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 3 (ख)

राजस्व क्षति:-

(1) चाहत टेन्ट हाउस से रू0 4805.00 आयकर कटौती न किये जाने से राजस्व क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) (डं)

नगर पालिका परिषद अल्मोडा (अल्मोडा) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) दैनिक वेतन पर नियुक्ति के फलस्वरूप रू0 923641.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 1 (अ)

(2) कतिपय मदों में बजट प्राविधान से अधिक व्यय करने से रू0 311676.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 1 (य)

नगर पालिका नरेन्द्र नगर (टिहरी गढवाल) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) शासनादेशों के विपरीत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों पर रू0 129829.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) 5 (1)

आर्थिक क्षति:-

(1) विभिन्न लाइसेन्सों हेतु निर्धारित दर से कम फीस लिये जाने से रू0 2,34,25.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1(क) (ई)

नगर पालिका परिषद पिथौरागढ (पिथौरागढ) (वर्ष 2006-07):-

आर्थिक क्षति:-

(1) पशुबध शुल्क कम वसूल जाने से नगर पालिक परिषद को रू0 77424.00 की आर्थिक क्षति हुई।

भाग दो (ब) (2) (1)

(2) लाइसेन्स कम बनाये जाने के कारण पालिका परिषद को रू0 5817.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) (2) (2)

अस्थाई अग्रिम:-

(3) अग्रिमों का समायोजन न होने से रू0 4,82,442.00 का दुरूपयोग था।

भाग दो (ब) 9 (ड)

नगर पालिका काशीपुर (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2005-06):-

अधिक/अनियमित/आमन्य भुगतान:-

(1) श्री जगदीश सिंह बिष्ट ठेकेदार को रू0 29877.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग दो प्रस्तुत (क)

(2) श्री अजय शर्मा एवं श्री अजय अग्रवाल ठेकेदार को रू0 10704.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) (च) (ड)

(3) ठेकेदारों से विलम्ब शुल्क न काटे से रू0 106400.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भार दो (अ) 3 (ज)

(4) ठेकेदार को रू0 57006.00 का अमान्य भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) 3 (ज)

(5) अर्थ वर्क हेतु पी0 डब्ल0 डी0 रेट से अधिक दर पर भुगतान करने से रू0 3,22,46.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) 3 (ट)

नगर पंचायत गौचर (चमोली) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) विभिन्न यात्रा हेतु बिना यात्रा देयक टैक्सी रसीद प्रस्तुत किये रू0 16200.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1(ख)

(2) स्वीकृत अनुमान से अधिक कार्य कराये जाने से रू0 35888.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर

नगर पंचायत लढौरा (हरिद्वार) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमिति/अमान्य भुगतान:-

(1) अधिष्ठान सम्बन्धी कर्मचारियों को पर्वतीय विकास भत्ते के रूप में रू0 1,15,00.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग दो (ब) (क)

राजस्व क्षति:-

(1) ठेके का अनुबन्ध न किये जाने से रू0 39750.00 की क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) (ग)

नगर पंचायत लक्शर (हरिद्वार) (वर्ष 2006-07)

राजस्व क्षति:-

(1) ठेका अनुबन्धों में निर्धारित स्टाम्प शुल्क न लिये जाने के कारण रू0 40895.00 राजस्व क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) 2

नगर पंचायत दिनेश पुर (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2005-06):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) पुस्तकालय निर्माण हेतु प्राप्त अनुदान से फनिर्चर क्रय कर रू0 39582.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 2 (क)

(2) राज्य वित्त आयोग से प्राप्त अनुदानों से रू0 84705.00 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों पर किया जाना अनियमित था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 3 (ख)

राजस्व क्षति:-

(1) विविध नीलामी ठेकों में निर्धारित मूल्य के स्टाम्प में अनुबन्ध न किये जाने से रू0 60020.00 राजकीय राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) प्रस्तर 4 (क)

आर्थिक क्षति:-

(1) ठेकों की धनराशि बकाया रहने से रू0 292800.00 की आर्थिक क्षति सम्भावित थी।

भाग दो (अ) प्रस्तर 4(ग)

नगर पंचायत कीतिनगर (टिहरी गढवाल) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) शासनादेश संख्या 2423/9-1-86 दिनांक 3-4-1982 के विपरीत सविदा पर नियुक्ति स्वरूप रू0 25200.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 5 (क)

अधिष्ठान:-

(2) पर्वतीय भत्ते की मद पर कर्मचारियों को रू0 8200.00 अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 5 (1)

नगर पंचायत चम्बा (टिहरी गढवाल) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) संविदा पर कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों पर रू0 105250.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 5

नगर पंचायत गंगोत्री (उत्तरकाशी) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों पर रू0 5612.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 5

नगर पंचातय बडकोट जनपद उत्तरकाशी (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) संविदा तदर्थ वर्क चाज दैनिक वेतन भोगी नियुक्त कर्मचारियों पर रू0 42163.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) 5 (क)

अधिष्ठान सम्बन्धित:-

(2) बिना पद स्वीकृति के राजस्व मोहरिरों पर रू0 173564.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (अ) प्रस्तर 5 (ख)

नगर पंचायत धारचूला (पिथौरागढ) (वर्ष 2006-07):-

दुरूपयोग:-

(1) वाहन सं0 यू0ए0 05 3653 की लॉग बुक मी0 579.90 लीटर डीजल व 4 लीटर मोबिल आयल की प्रविष्टि न होने से रू0 26568.00 का दुरूपयोग हुआ था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (ग)

नगर पंचायत डीडीहाट (पिथौरागढ) (वर्ष 2006-07):-

व्यपहरण:-

(1) विभिन्न रसीदों से प्राप्त आय को रोकड वही और बैक में जमा न करने के कारण रू0 1020.00 का व्यपहरण किया गया था।

भाग दो (ब) 1 (ग) (3)

नगर पंचायत चम्पावत (पिथैरागढ) (वर्ष 2006-07):-

राजस्व क्षति:-

(1) अवस्थापना मद से प्राप्त ब्याज रू0 232320.00 को शासन को न लौटाये जाने से शासन को राजस्व की क्षति पहुँचायी गयी थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (घ) (2)

नगर पंचायत हर्बटपुर (देहरादून) (वर्ष 2006-07):-

व्यपहरण:-

(1) वार्ड न0 1 में टायल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य में रू0 22000.00 का व्यपहरण सम्भावित था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (ख)

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :-

(1) वर्ष 2006-07 में किया गया व्यय रू0 4907109.00 बोर्ड से पारित न होने के कारण अग्राह्य था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (क)

(2) कर्मचारियों को अनियमित रूप से वाहन भत्ता दिये जाने से रू0 4200.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (ब) प्रस्तर क 1 (ग)

(3) दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के नाम चैक काटकर ठेकेदार को रू0 22478.00 का भुगतान किया गया था। भुगतान अनियमित था।

भाग दो (ब) प्रस्तर क 1 (ट)

(4) अवस्थापना निधि से कराये गये कार्यो के लिये अनुमानित लागत से 92379.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1

राजस्व की क्षति:-

(1) ठेकेदारों से स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध न कराने एवं बिल पर आयकर की कटौती न करने के कारण रू0 93176.00 के राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (च) 1 (छ) एवं 1(झ)

नगर पंचायत कालाढुगी (नैनीताल) (वर्ष 2002 से 2006-07)

विशेष सम्परीक्षा :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) वर्ष 2003-04 में स्वीकृत अनुमान से अधिक रू0 184425.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

प्रस्तर 1

(2) पुनरीक्षित अनुमान के फस्वरूप (310700-101314) रू0 209386.00 का कार्य का विचलन हुआ था।

प्रस्तर 2

(3) देवी आपदा हेतु प्राप्त अनुदान रू0 29.44 लाख के विरूद्ध रू0 44.22 लाख का कार्य कराये जाने से रू0 14,78,000.00 का अनियमित एवं अग्राध्य भुगतान किया गया था।

प्रस्तर 3 (क)

(4) निमार्ण कार्य में सेटलमेन्ट चार्ज न काटे जाने से रू0 8670.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

प्रस्तर 3 (ख) 4 (घ) 10

(5) स्वीकृत दर से अधिक दर पर भुगतान किये जाने से रू0 21120.00 का अधिक भुगतान अनियमित था।

प्रस्तर 4 (क) ।।

(6) स्वीकृत मात्रा से अधिक मात्रा का भुगतान किये जाने से रू0 425696.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

प्रस्तर 4 (ख) 6, 12 (1) (2) (3)

(7) तकनिकी जाचोपरान्त जिलाधिकारी आदेश अनुसार ठेकेदार के बिलों से रू0 15475.00 की कटौती न किया जाना अनियमित था।

प्रस्तर 8 (1) (2)

राजस्व क्षति:-

(1) आयकर रू0 97585.00 जमा न किये जाने से राजकीय राजस्व क्षति हुई थी।

प्रस्तर 5

नगर पंचायत मछुआडाबरा (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2005-06)

राजकीय अनुदान सम्बन्धी अनियमिततायें-

(1) 11 वें वित्त आयोग से प्राप्त रू0 129408.00 का नियत उद्देश्यों में उपभोग न कर दुरूपयोग किया गया था

भाग दो (अ) 6

आर्थिक क्षति:-

(1) साप्ताहित हाट बाजार ठेके में नीलामी निरस्त किये जाने के फलस्वरूप पंचायत को रू0 225000.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) 1

(2) तहबाजारी की वसूली न किये जाने से रू0 162000.00 की क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) 3

व्यपहरण:-

(1) रसीदों से प्राप्त आय रू0 1500.00 का पंचायत निधि में जमा न कर व्यपहरित कर ली गई थी।

भाग दो (अ) 4

कृषि उत्पादन मण्डी समिति ज्वालापुर (हरिद्वार) (वर्ष 2006-07):-

आर्थिक क्षति:-

(1) लाइसेन्सों का नवीनीकरण न किये जाने से रू0 10575.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) 7

कृषि उत्पादन मण्डी समिति काशीपुर (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2005-06):-

अधिक/अमान्य/अनियमित भुगतान:-

(1) मण्डी समिति द्वारा मैनपावर सेक्योरिटी हल्द्वानी को स्वीकृति न होने पर भी सुपर वाइजर के मानदेय के रूप में रू0 50480.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग 2 व प्रस्तर 1 (क)

आर्थिक क्षति:-

(1) मण्डी समिति द्वारा किराया न वसूल करने के कारण मण्डी समिति को रू0 46900.00 को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 ब प्रस्तर 1 (ख)

कृषि उत्पादन मण्डी समिति गदपुर (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2006-07):-

आर्थिक क्षति:-

(1) मण्डी समिति द्वारा लाइसेन्सों का नवीनीकरण न किये जाने से समिति को रू0 9450.00 की आर्थिक क्षति पहुँचाई गयी थी।

भाग दो (अ) प्रस्तर 2

(2) मण्डी समिति द्वारा रू0 1503124.00 मण्डी शुल्क एवं विकास सैस न वसूल करके समिति की आर्थिक क्षति पहुँचायी गयी थी।

भाग दो (अ) प्रस्तर 4

कृषि उत्पादन मण्डी समिति रूद्रपुर (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2006-07):-

आर्थिक क्षति:-

(1) मै0 वंसल इण्डस्ट्रीज से ब्याज की वसूलीन करने के कारण समिति को रू0 1121.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 1

(2) विभिन्न व्यापारियों एवं संस्थाओं से मण्डी शुल्क एवं विकास सैसे न वसूल करने के कारण समिति को रू0 24874.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 2

(3) लाइसेन्सों का नवीनीकरण न होने से समिति को रू0 7900.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 3

(4) दुकानों का किराया माफ करने के कारण समिति को रू0 24740.00 की आर्थिक क्षति पहुँचायी गयी थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 4

(5) दुकानों का किराया न वसूलने एवं दुकानों का आवंटन न करने के कारण समिति को रू0 787647.00 की आर्थिक क्षति पहुँचायी गयी थी।

भाग 2 (ब) प्रस्तर 1 (क) (ख)

कृषि उत्पादन मण्डी समिति जसपुर (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2005-06 से 2006-07):-

आर्थिक क्षति:-

(1) वन निगम से प्राप्त ब्याज को कटौती न किये जाने से समिति को रू0 6102.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 1

(2) मैसर्स किसान इन्डस्ट्रीज जसपुर से मण्डी शुल्क पर आरोपित ब्याज की वसूली न होने के कारण समिति को रू0 17456.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 3

(3) दुकानों का किराया न वसूली करने के कारण समिति को रू0 68404.00 की क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 6

(4) लाइसेन्सों का नवीनीकरण न होने से समिति को रू0 3150.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 7

कृषि उत्पादन मण्डी समिति खटीमा (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2006-07):-

आर्थिक क्षति:-

(1) दुकानों को किरायों पर न उठाये जाने के कारण समिति को रू0 54989.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2(अ) प्रस्तर 1

(2) वन निगम से मण्डी शुल्क पर ब्याज न वसूल करने के कारण समिति को रू0 2505.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 2

(3) दुकानों के बकाये की वसूली न होने से समिति को अब तक रू0 370596.00 की क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 3

(4) विभिन्न संस्थाओं पर मण्डी शुल्क एवं विकास सैस का बकाया न वसूल होने से रू0 150820.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 4

(5) लाइसेन्सों का नवीनीकरण न होने से समिति को रू0 4400.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 5

(6) उत्तरांचल उपभोक्ता संघ उत्तराखण्ड से मण्डी शुल्क पर ब्याज न वसूल करने के करण रू0 45477.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग 2 (अ) प्रस्तर 6

कृषि उत्पादन मण्डी समिति देहरादून (देहरादून) (वर्ष 2006-07):-

राजस्व क्षति:-

(1) कैटीन ठेके का स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध न किये जाने के कारण रू0 48014.00 के राजस्व क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (ख)

आर्थिक क्षति:-

(1) मण्डी शुल्क मांग एवं समाहरण पंजी में इतिशेष अग्रेनित न किये जाने के कारण रू0 1685.00 के क्षति की सम्भावना थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (घ)

(2) भरत सिंह चौकीदार पर आरोपित दण्ड की वसूली न किये जाने के कारण रू0 30206.00 की क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (च) 1

अधिष्ठान सम्बन्धी:-

(1) वरिष्ठ सहायक को वाहन भत्ते के रूप में रू0 4200.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (क)

(2) श्री भरत सिंह चौकीदार को बोनस का रू0 2467.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (छ)

कृषि उत्पादन मण्डी समिति विकास नगर (देहरादून) (वर्ष 2006-07):-

अधिक/अनियमित भुगतान:-

(1) आचार संहिता लागू होते के बाद भी सभापति द्वारा सरकारी गाडी का प्रयोग करके रू0 2948.00 के डीजल का दुरूपयोग किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (क)

राजवस्व क्षति:-

(1) लाइसेन्सों का नवीनीकरण न करने से मण्डी समिति को 11650.00 की क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) प्रसतर 1 (ख)

कृषि उत्पादय मण्डी समिति बाजपुर (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2006-07):-

आर्थिक क्षति:-

(1) समिति खातों में चैक की धनराशि विलम्ब से जमा होने पर रू0 25725.00 ब्याज की क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) 1

(2) परिसम्पातियों पर रू0 190192.00 किराया बकाया रहने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (अ) 4

(3) विक्रय वाउचर निरस्त किये जाने से रू0 12005.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (अ)

कृषि उत्पादन मण्डी समिति सितारगंज (उधमसिंह नगर) (वर्ष 2006-07)

आर्थिक क्षति:-

(1) किराया वसूल न किये जाने से रू0 38082.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) 1 घ

(2) भवन अग्रिम रू0 34482.00 की वसूली न किये जाने से आर्थिक क्षति हुई थी।

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढवाल विश्वविद्यालय श्रीनगर (गढवाल) (वर्ष 2004-05):-

दुर्विनियोग:-

(1) परीक्षा फार्मो के विक्रय से प्राप्त धनराशि रू0 155000.00 को विश्वविद्यालय कोष में अत्यन्त विलम्ब से जमा करके उसका दुर्विनियोग किया गया था।

भाग दो (ब) का प्रस्तर 10 (ख)

(2) उप कार्यालय देहरादून द्वारा आवेदन पत्रों की विक्री से प्राप्त रू0 2 लाख विश्वविद्यालय खातों में जमा न करके सीधे श्री वीरेन्द्र सिंह रावत नैत्यिक लिपिक को अग्रिम के रूप में अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 63

(3) श्री वीरेन्द्र सिंह रावत नैत्यिक लिपिक को वर्ष 1990-91 से वर्ष 2004-05 तक रू0 1311800.00 अग्रिम का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 64

अनानुमोदित व्यय:-

(1) शासनादेशो के विपरीत विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागो/विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नैत्यिक प्रकृति के कार्यो हेतु रू0 1386100.00 मानदेय का भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 12 (क)

(2) शासनादेशों के विपरीत दैनिक वेतन/संहत वेतन भोगी कर्मचारियों को नियुक्त कर उनके पारिश्रमिक पर रू0 2321878.00 व्यय किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 12 (ख)

(3) शासनादेशों के विपरीत बी0एड0 प्रवेश परीक्षा खातें से अधिकारियों/कर्मचारियों को नैत्यिक प्रकृति के कार्यो हेतु रू0 547849.00 मानदेय का भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) का प्रस्तर 12 (ग)

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) शासनादेशों के विपरीत प्रयोग शाला परिचरों को परीक्षा पारिश्रमिक का अधिक दर से भुगतान करने पर रू0 39350.00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 21

(2) अधिक दर प्रदर्शित किये जाने के फलस्वरूप विद्युत विभाग को रू0 66575.00 विद्युत देयको का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 30

(3) फुल टैक्सी किराये के रूप में रू0 42787.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 37

(4) श्री संतोष कुमार मंमगाई पटवारी कम अमीन को मुख्य खाते के स्थान पर विकास खाते से रू0 78275.00 वेतन के रूप में अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 47

(5) शासनादेशों में प्रयोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु स्टोर कीपर एवं स्वीपर्स को पारिश्रमिक अनुमन्य न होने की दशा में रू0 83473.00 पारिश्रमिक का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 48

(6) कर्मचारियों के आवासीव कालोनी के विद्युत देयकों की भुगतान कर्मचारियों से न कराके मुख्य खाते से रू0 56593.00 के विद्युत देयकों का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 54

(7) विभिन्न छात्र संघों के कार्यक्रमों पर बिना बजट प्राविधान के रू0 68565.00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 55, 59

(8) शासनादेशों के विपरीत व्यक्तिगत आवेदन पत्रों के विक्रय पर रू0 5 प्रति आवेदन पत्र की दर से रू0 123175.00 पारिश्रमिक का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 62

अधिष्ठान एवं वेतन निर्धारिण से सम्बन्धित अनियमितायें :-

(1) डा0 पी0एस0 राणा उपाचार्य को दो अतिरिक्त वेतन वृद्धियों स्वीकृत किये जाने के कारण रू0 107441.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 75

(2) डा0 आर0 सी0 डिमरी उपाचार्य को कैरियर एंडवासमेन्ट योजना/वैयक्तिक प्रोन्नति योजनान्तर्गत दो अग्रिम वेतन वृद्धिया दिये जाने के फलस्वरूप रू0 79598.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 76

आर्थिक क्षति:-

(1) स्वणवित्त पोषित पाठयक्रम से प्राप्त आय का 40 प्रतिशत से कम धनराशि विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित की गयी थी जिसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय को रू0 2577681.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 81

राजस्व क्षति:-

(1) विश्वविद्यालय को उपकरण फर्नीचर व अन्य सामग्री की आपूर्ति करने वाले फर्मो/एजेन्सी से आयकर की कटौती न किये जाने के फलस्वरूप रू0 202185.00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 82

अस्थाई अग्रिम:-

(1) अस्थायी अग्रिम का समायोजन न किये जाने से रू0 3048782.00 का संभावित दुरूपयोग किया जाना।

भाग दो (ब) प्रस्तर 89

राज्य महिला आयोग देहरादून (वर्ष 2006-07):-

दुर्विनियोग:-

(1) अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन हेतु आहरित धनराशि उपभोग के बाद अवशेष धनराशि को अधिक समय तक हस्तगत रखे जाने के कारण रू0 30000.00 के दुर्विनियोग की सम्भावना थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1(1)

(2) बिना मांगे के रू0 3900.00 के डाक टिकट अपर सचिव महिला शसक्तिकरण उत्तरांचल को निर्गत किया गया था इन टिकटों की प्राप्ति रसीद भी नहीं थी अंत: रू0 3900.00 के डाक टिकटों का दुरूपयोग सम्भावित था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1(9)

(3) मानदेय हेतु आहरित धनराशि का वितरण न किये जाने से रू0 15000.00 दुरूपयोग की सम्भावना थी।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1, 2,

(4) विज्ञापन एजेन्सी के माध्यम से उच्च दर पर विज्ञापन कराये जाने के कारण रू0 83393.00 का दुरूपयोग सम्भावित था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1, (14)

आर्थिक क्षति:-

(1) स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन दिये जाने की आवश्यकता स्पष्ट न होने के कारण रू0 58385.00 का परिहार्य व्यय किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1(क)

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(1) अन्य विभागों के कर्मचारियों को मानदेय देकर रू0 165000.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (4)

(2) कोटेशन के अनुसार आर0के0ट्रेवल्स राजपर रोड देहरादून को किराये की कार लिये जाने के सम्बन्ध में रू0 150098.00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग दो (ब) प्रस्तर 1 (12)

(3) आयोग की अध्यक्षा डा0 श्रीमती संतोष चौहान को जलपान व्यय के सदंर्भ में रू0 12750.00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

